# सख्ती. हाइकोर्ट ने औरंगाबाद डीएम-एसपी को दिया निर्देश

# ओबरा के सीओ व खुदवा के थानेदार को 48 घंटे में गिरफ्तार करने को कहा

विधि संवाददाता, पटना



पटना हाइकोर्ट ने औरंगाबाद के डीएम और एसपी को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने के मामले में गड़बड़ी करने वाले ओबरा के सीओ और खुदवा के थानाध्यक्ष के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर 48 घंटे के अंदर इन दोनों को गिरफ्तार किया जाये. जस्टिस मोहित कुमार शाह की एकलपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते डीएम-एसपी को सख्त चेतावनी दी कि अगर कोर्ट के आदेश का पालन निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं हुआ, तो औरंगाबाद के डीएम और एसपी को ही कस्टडी में लिया जा सकता है. कोर्ट ने इन अधिकारियों को कार्रवाई कर 13 अक्तूबर को अगली सुनवाई में कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है. कोर्ट को बताया गया कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अतिक्रमण संबंधी मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को औरंगाबाद के डीएम को कोर्ट में तलब किया था. सोमवार को सुनवाई के समय कोर्ट में औरंगाबाद के एसपी भी उपस्थित थे. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिषेक कुमार ने कोर्ट को बताया कि खुदवा थानाध्यक्ष ने एक महिला को सहयोग देकर, जिनकी भूमि पर अतिक्रमण था, उनके पूरे परिवार के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत औरंगाबाद सिविल कोर्ट में मामला दर्ज करवा दिया. जिनकी भूमि है, उन्हें तरह-तरह से ये लोग धमका रहे हैं. इस मामले में सीओ की भूमिका भी संदिग्ध है. इस मामले पर अगली सुनवाई 13 अक्तूबर को होगी.

## उत्क्रमित विद्यालयों की हालत पर शिक्षा विभाग से हाइकोर्ट ने मांगा जवाब




**पटना.** राज्य में उत्क्रमित विद्यालयों की दयनीय हालत पर नाराजगी जाहिर करते हुए हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से एक नवंबर तक जवाब तलब किया है. मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायाधीश सत्यव्रत वर्मा की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को कहा कि वह एक नवंबर तक इस मामले में एक विस्तृत हलफनामा दायर कर पूरी जानकारी कोर्ट को उपलब्ध करवाएं. कोर्ट को याचिकाकर्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने 6564 प्राइमरी और मिडिल सरकारी स्कूलों को सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्कूलों में उत्क्रमित कर दिया, लेकिन इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है. अधिकतर स्कूलों के पास न तो पर्याप्त जमीन है और न ही क्लास रूम है. शिक्षकों की भी काफी कमी है. यहां पेयजल, शौचालय, लेबोरेट्री, लाइब्रेरी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं.

कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा कि निजी और सरकारी स्कूलों में भेदभाव क्यों किया जाता है. कोर्ट ने कहा कि अगर निजी स्कूल कोई मापदंडों पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें संबद्धता नहीं मिलती है, लेकिन सरकारी स्कूलों की ऐसी स्थिति में भी उन्हें सारी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं. आखिर ऐसा भेदभाव क्यों होता है.

## जनमानस ने भगवान राम को लोकगीत में सहेजा है : डॉ नीतू

संगोष्ठी

**देश-विदेश के वक्ताओं ने शोध आलेख प्रस्तुत किये**

संवाददाता, पटना

नयी दिल्ली सामाजिक-साहित्यिक शोध संस्था, मुंबई की ओर से नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में रामकथा का जनमानस पर प्रभाव विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें देश-विदेश के अनेक वक्ताओं ने अपने शोध आलेख प्रस्तुत किया. इस अवसर पर संस्था के सचिव प्रदीप कुमार सिंह के संपादन में तैयार हो रहे श्रीराम कथा विश्व संदर्भ कोश इनसाइक्लोपीडिया ऑफ रामायण के द्वितीय खंड भजन कीर्तन में श्रीराम पुस्तक का विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि जनमानस ने भगवान राम को लोकगीत और भजन कीर्तनों में सहेजा है. भगवान राम के जीवन के हर पहलू से जुड़े हुए गीत और भजन मौजूद हैं.

**कई पारंपरिक गीत भी सुनाये :** इस अवसर पर लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार की कई पारंपरिक लोक गीतों को गाकर सुनाया और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं के समक्ष बिहार के लोकगीतों की सोंधी खुशबू को फैलाया. वहां अन्य गणमान्य सदस्यों ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया.

## दो साल बाद अब सोनपुर मेला परिसर में बनेंगे 20 स्विस कॉटेज

संवाददाता, पटना


फाइल फोटो

दो साल बाद विश्व विख्यात सोनपुर पशु मेला में 20 स्विस कॉटेज बनेंगे. इसमें फाइव स्टार होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं होंगी. इस बात की जानकारी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक हरेंद्र प्रसाद ने सोमवार को दी. उन्होंने बताया कि पर्यटकों को मेले में ठहरने की उत्तम व्यवस्था होगी. रेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जो रेंट 2019 में था, वही रेंट इस बार रखा गया है. प्रसाद ने बताया कि इस छठ नवंबर से मेला शुरू हो रहा है. छठ से 12 नवंबर तक कॉटेज में ठहरना काफी महंगा होगा. इस दौरान मेहमान को छह हजार रुपये के साथ जीएसटी का भी भुगतान करना होगा.13 नवंबर से 19 नवंबर तक कॉटेज में ठहरने के लिए चार हजार रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) देने होंगे, जबकि 20 नवंबर से 26 नवंबर तक ठहरने पर प्रति कॉटेज 2500 (जीएसटी अतिरिक्त) तथा 27 नवंबर से सात दिसंबर तक ठहरने पर प्रति कॉटेज 1500 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) शुल्क देना होगा. उन्होंने बताया कि स्विस कॉटेज की बुकिंग ऑनलाइन होगी. कॉटेज के आसपास ग्रामीण माहौल का आनंद देने की योजना है. कॉटेज में एक लॉबी भी होगी, जिसमें एलइडी टीवी सेट भी लगा होगा.

INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
(A Super Speciality, Autonomous Institute of Govt. of Bihar)
IGIMS Medical College, IGIMS Nursing College
Sheikhpura, Patna-14, EPBX : 0612-2297099/2297631, Website : www.igims.org

(SHORT URGENT TENDER NOTICE NO.- Engg./11 EC/CW/Tender/2022-23)

SHORT URGENT TENDER NOTICE

Sealed tenders in two bids system (Technical and Financial) are hereby invited for following civil repair and renovation works.

| Sl. No. | Description of the Works | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 01. | Repair, Painting, Renovation, Water Proofing and Wall Tiles etc. in Nursing College Hostel Mess at IGIMS, Patna-14. | 5,06,893.00 | 15 days |
| 02. | Repair, Renovation and Provision of Vitrified Floor Tiles Old D-Type Quarter No.-6/3 and 6/6 at IGIMS, Patna-14. | 14,86,223.00 | 30 days |
| 03. | Repair, Renovation and Provision of Vitrified Floor Tiles Old D-Type Quarter No.-1/1 and 2/4 at IGIMS, Patna-14. | 13,33,329.00 | 30 days |
| 04. | Repair, Renovation, Painting and S.S Railing Work of Indira Gandhi Park at IGIMS, Patna-14. | 12,12,945.00 | 30 days |
| 05. | Cleaning Jungle, Malba near New Admin North side of ward Block, Infront of New Medical College Building with Development of Parking and Other Miscellaneous Work of Hospital Area at IGIMS, Patna-14. | 8,28,132.00 | 30 days |
| 06. | Additional Work of fencing for 33KVA Sub-Station behind New Medical College at IGIMS, Patna-14. | 3,79,965.00 | 15 days |
| 07. | Removing Malba and Surface Dressing of Both side Parking Area Main Gate to Harbal Garden at IGIMS, Patna-14. | 3,24,617.00 | 15 days |
| 08. | Provision of Toilet for Neurosurgery Department in Polyclinic Building at IGIMS, Patna-14. | 2,54,355.00 | 15 days |
| 09. | Repair, Painting and Renovation of Toilet Block of RIO Department in Polyclinic Building (South Wing ) at IGIMS, Patna-14. | 2,37,724.00 | 15 days |

The last date of submission of complete tender document is **18/10/2022 up to 3:00 P.M.** through Speed Post / Registered Post / Courier Services only. The received bids (Technical Only) will be opened on **19/10/2022 on 3:00 PM.** Details of the propose tender can be seen and downloaded from Institute Website **www.igims.org.**
Undersigned reserve the right to accept / reject any or all tenders without assigning any reason. Prospective bidders are advised to regularly visit **www.igims.org** for Corrigendum/ Amendments etc., if any. It will be notified on this portal only and no separate advertisement will be made.

**DIRECTOR, IGIMS, PATNA**

## काम नहीं करनेवालों के लिए विवि ने मांगी वेतन की राशि, जांच में 100 से अधिक मिले अयोग्य

**सबसे अधिक तिलका मांझी विवि से आये मामले**

संवाददाता, पटना



प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों ने वैसे कर्मियों के लिए वेतन की राशि सरकार से मांग ली, जो वहां कार्य ही नहीं कर रहे. शिक्षा विभाग के वेतन सत्यापन कोषांग ने इस मामले में अभी तक करीब सौ से अधिक केस पकड़े हैं. अपात्र के रूप में पहचाने गये यह वह लोग हैं, जिन्हें विश्वविद्यालयों ने विधि मान्य तरीके से नियुक्त नहीं किया है. कुछ तो वहां काम भी नहीं कर रहे हैं. इधर शिक्षा विभाग ने तय कर लिया है कि बिना सत्यापन के किसी भी कीमत पर वेतन जारी नहीं किया जायेगा. सबसे अधिक ऐसे मामले भागलपुर के तिलका मांझी विवि से आये हैं.

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक वेतन सत्यापन कोषांग ने अपात्रों की सैलरी मांगे जाने के अधिकतर मामले तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से संबंधित हैं. यहां अभी तक मिले 100 से अधिक मामलों में 66 केस इसी विश्वविद्यालय के हैं. सूत्रों के मुताबिक चौथे चरण में कई कॉलेजों को सरकारी कॉलेज के रूप में टेक ओवर किया था. उन्हीं कॉलेजों से संबंधित मामले अधिक हैं.

जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधीन संचालित 40 संबद्ध डिग्री कालेजों को संबद्ध डिग्री कालेज में परिणत करने का निर्णय लिया था. इन सभी कालेजों में लगभग 4 हजार शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारी थे.

फिलहाल सातवें फेज के संदर्भ में बजट रिव्यू किया गया था. इस दौरान उच्च शिक्षा निदेशालय ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों का वेतन सत्यापन कर अपात्रों को छांट लिया जाये. जानकारों के मुताबिक टेक ओवर किये कॉलेजों के कर्मचारियों की पात्रता के संदर्भ में दो विशेष आयोगों के भी पहले से दिशा निर्देश प्राप्त हैं. उन्हीं आयोग के निर्देशों का पालन कराया जा रहा है.

NAGALAND STATE LOTTERIES
DEAR Diwali Kali Puja BUMPER
प्रथम पुरस्कार मात्र बिके हुए टिकटों पर
MRP ₹ 2000/-
प्रथम पुरस्कार ₹ 5 करोड़ (INCLUDING SUPER PRIZE AMOUNT)
द्वितीय पुरस्कार ₹ 10 लाख (Including Super Prize Amount)
तृतीय पुरस्कार ₹ 5 लाख (Including Super Prize Amount)
और कई आकर्षणीय पुरस्कार
4th Draw On 25th OCTOBER 2022 8:00 PM Onwards
डाक सेवा मुफ्त
रुपये 2000/- की टिकट खरीदने पर टिकट रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएंगे। मनी ऑर्डर / बैंक ड्राफ्ट VIRA AGENCY के पक्ष में कोलकाता में भुगतानयोग्य अपने पूरा पता, पिन कोड एवं अपना मोबाईल नं. के साथ निम्न पते पर भेजें। • Website : www.viraagency.in
VIRA AGENCY 173 M. G. ROAD, KOLKATA - 700 007 Ph: 98742 85573 / 98748 45573

बिहार सरकार

सूचना

दिनांक–11.10.2022 को 10:15 बजे पूर्वाह्न में आयकर गोलम्बर, पटना स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण के प्रतिमा स्थल पर उनके जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में श्री नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण किया जायेगा।

**इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं।**

नोट :– उपर्युक्त समारोह के दौरान समारोह स्थल के आस–पास यातायात पर अतिरिक्त दबाव होने की संभावना है। अतः आम नागरिकों से अपील है कि उक्त अवधि में वैकल्पिक मार्ग चयन करने की कृपा की जाय।

निवेदक

जिलाधिकारी, पटना
आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना
अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना

PR. No. 9055 (District) 2022-23

## बदलते वक्त में इनोवेशन लाने की जरूरत : शिशिर



**राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत हुआ व्याख्यान**

संवाददाता, पटना

भारतीय डाक विभाग के पास मजबूत संरचना, ताकत, क्षमता और माध्यम है, लेकिन बदलते वक्त में इनोवेशन लाने की जरूरत है. ये बातें वरिष्ठ पत्रकार शिशिर सिन्हा ने राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत सोमवार को वित्तीय सशक्तीकरण दिवस पर आयोजित व्याख्यान में कहीं. व्याख्यान का विषय 'विजन **फॉर इंडिया 2047** : विकसित भारत के निर्माण में डाकघर का योगदान' था. शिशिर सिन्हा ने कहा कि तकनीकी युग में हाइब्रिड मॉडल का ज्यादा-से-ज्यादा इस्तेमाल करने की जरूरत है. मेलिंग सेवा के लिए खास मोबाइल एप्लिकेशन की दरकार है. उन्होंने कहा कि डाक विभाग में वित्तीय समावेशन की स्थिति बेहतर है. चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ने डाक विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की ओर मुखातिब होकर कहा कि हनुमान की तरह अपनी ताकत को पहचानें. अगले 25 साल में अपनी ताकत को बढ़ा सकते हैं. इसमें सभी अपना योगदान दे सकते हैं.

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पोस्ट मास्टर जनरल (पूर्वी प्रक्षेत्र) मनोज कुमार, निदेशक डाक सेवाएं पंकज कुमार मिश्र, निदेशक डाक सेवाएं (पूर्वी प्रक्षेत्र) पवन कुमार, पटना डिवीजन के वरीय डाक अधीक्षक राजदेव प्रसाद, पटना साहिब के वरीय डाक अधीक्षक शंभु प्रसाद सिंहआदि रहे मौजूद.

**इन्हें किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता, 2022 के विजेताओं को सम्मानित किया गया. प्रथम स्थान पर रही नालंदा जिले की अमीषा कुमारी को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहे पटना के अतुल्य झा को 10 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रही सहरसा जिले की सानिया को पांच हजार रुपये का इनाम दिया गया. मुख्य पोस्टमास्टर जनरल केके शर्मा और पोस्ट मास्टर जनरल मनोज कुमार ने सम्मानित किया.

## स्वरोजगार के लिए लोन दिलाने का झांसा दिलाने का आरोप, एक हिरासत में

**पटना.** प्रधानमंत्री मुद्रा लोन स्कीम के तहत स्वरोजगार के लिए लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है. उक्त व्यक्ति पर दो महिलाओं ने लोन दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया. हालांकि पुलिस को लिखित शिकायत नहीं मिली है. साथ ही मामला फतुहा इलाके से जुड़ा हुआ है. बताया जाता है कि दो महिलाएं कोतवाली के स्टेशन गोलंबर इलाके में एक व्यक्ति से झगड़ा कर रही थी. इ इसी बीच पुलिस पहुंची और उस व्यक्ति को अपने साथ लेकर कोतवाली थाना पहुंची.

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 188 / 2022

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2023–24) में नामांकन हेतु प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2023 के लिए समिति की वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2023–24) में नामांकन हेतु प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2023 के अभ्यर्थियों, उनके अभिभावक, संबंधित विद्यालय प्रधान, सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2023 का प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक 10.10.2022 से उपलब्ध है।** संबंधित अभ्यर्थी / उनके अभिभावक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावे अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।

2. **प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2023 का कार्यक्रम निम्नवत् है –**

| परीक्षा की तिथि | परीक्षा की अवधि | समय |
|---|---|---|
| 20.10.2022 | 02 घण्टा 30 मिनट | 01:00 बजे अपराह्न से 03:30 बजे अपराह्न तक |

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना- 800001

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या 79/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के अधीन मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय में **पत्रकारिता** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित उम्मीदवारों में से कोटिवार मेधाक्रमानुसार चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक-18.10.2022 को आयोजित किया जाएगा।
साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम एवं अनुदेश, आरक्षण कोटिवार कट-ऑफ अधिभार अंक आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है।
वैसे उम्मीदवार, जिन्हें कोटिवार उक्त कट-ऑफ अधिभार अंक के समतुल्य अथवा उससे अधिक अधिभार अंक होने का दावा हो तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, से अपने अधिभार अंकों की गणना तालिका एवं संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन मात्र e-mail: bpscpat-bih@nic.in से दिनांक-14.10.2022 तक आयोग में भेज सकते हैं। दिनांक-14.10.2022 को 5.00 बजे अपराह्न के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
**जिन उम्मीदवारों द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है, उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि वे अपना Ph.D. का निबंधन संख्या एवं तिथि तथा अपने-अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निगत Pre Ph.D अंकपत्र एवं Ph.D/M.Phil कितने और किन-किन Criteria से उत्तीर्ण है. से सम्बंधित प्रमाणपत्र साक्षात्कार के दिन समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाणपत्र समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी को Ph.D/M.Phil Without UGC Regulation 2009 माना जाएगा।**
साक्षात्कार की तिथि के एक सप्ताह पूर्व उम्मीदवारों का साक्षात्कार पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा, जिसे डाउनलोड कर साक्षात्कार में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। **किसी उम्मीदवार को डाक/ ईमेल से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा।**
यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी उम्मीदवारों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

बिहार सरकार

समाहरणालय, दरभंगा।
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा वाहन मालिको को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम–2016 की धारा–58 के तहत मद्य निषेध विभाग, दरभंगा एवं पुलिस विभाग, दरभंगा द्वारा जप्त किये गये वैसे वाहन जिनकी राज्यसात का निर्णय दिया जा चुका है तथा नीलामी की प्रक्रिया नहीं हुई है; वैसे अधिहरित वाहनों को बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम (संशोधन) नियमावली, 2022 की कंडिका 12 (क) के प्रावधानों के तहत पेनाल्टी पर मुक्त किया जा सकता है।

अतः निम्नांकित वाहनों के स्वामी को सूचित किया जाता है कि 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर बिहार मद्य निषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के फार्म 4 के अनुसार आवेदन जिला विधि शाखा, दरभंगा में दे कर वाहन को पेनाल्टी जमा कर मुक्त कराया जा सकता है। यदि 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर आवेदन एवं पेनाल्टी जमा नहीं की जाती है तो वैसे वाहनों की नीलामी की कार्रवाई की जायेगी।

| क्र. सं. | उत्पाद / अधिहरण वाद सं0 | उत्पाद / थाना का नाम | काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या | प्राप्ति आदेश | प्राप्त आदेश की तिथि | वाहन रख–रखाव स्थान / थाना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 107/2022 | उत्पाद | 33/2022 | टेम्पू | BRO7P8786 | 2537 | 25.08.2022 | उत्पाद थाना |
| 2 | 79/2020 | पुलिस | 98/2020 | स्कारपिओ | BR07PA6321 | 1404 | 31.08.2020 | बहादुरपुर |
| 3 | 114/2022 | पुलिस | 296/2021 | ट्रक | UP81BT1909 | 2538 | 25.08-2022 | सिमरी |
| 4 | 103/2022 | उत्पाद | 27/2022 | मोटर कार | HR24R2900 | 2536 | 25.08-2022 | उत्पाद थाना |
| 5 | 112/2022 | पुलिस | 43/2022 | ग्लैमर मोटरसाईकिल | BR07AD2314 | 2539 | 25.08-2022 | अशोक पेपर मील |
| 6 | 95/2022 | पुलिस | 124/2019 | इनोभा | HR26AY2577 | 2540 | 25.08-2022 | कमतौल |
| 7 | 74/2022 | पुलिस | 160/2021 | टेम्पू | BR7E9441 | 2416 | 16.08.2022 | केवटी |
| 8 | 70/2022 | पुलिस | 02/2022 | साइन | BR32AD5330 | 2417 | 16.08.2022 | रैयाम |
| 9 | 62/2022 | पुलिस | 159/2021 | ग्लैमर मोटरसाईकिल | BR33AC9811 | 2418 | 16.08.2022 | हायाघाट |
| 10 | 55/2021 | पुलिस | 10/2022 | मोटरसाईकिल | BR7B9171 | 2419 | 16.08.2022 | जाले |
| 11 | 53/2022 | पुलिस | 395/2021 | सुमो | BR1PB3329 | 2420 | 16.08.2022 | विश्वविद्यालय |
| 12 | 51/2022 | पुलिस | 10/2022 | मोटरसाईकिल | BR07AC2839 | 2422 | 16.08.2022 | सदर |
| 13 | 45/2022 | उत्पाद | 01/2022 | मोटरसाईकिल | BR07AL6368 | 2421 | 16.08.2022 | उत्पाद थाना |
| 14 | 99/2022 | उत्पाद | 19/2022 | टाटा एम्बुलेन्स | BR06PA6361 | 2577 | 29.08.2022 | उत्पाद थाना |
| 15 | 105/2022 | उत्पाद | 31/2022 | हुण्डइ कार | DL2CAE0246 | 2578 | 29.08.2022 | उत्पाद थाना |
| 16 | 89/2022 | पुलिस | 22/2022 | स्पेंडर मोटरसाईकिल | BR07AN0923 | 2579 | 29.08.2022 | बहादुरपुर |
| 17 | 119/2022 | पुलिस | 277/2021 | पिकप वैन | BR07G8090 | 2580 | 29.08.2022 | नगर कोतवाली |
| 18 | 75/2022 | पुलिस | 52/2021 | पल्सर मोटरसाईकिल | BR07N2037 | 2581 | 29.08.2022 | विश्वविद्यालय |
| 19 | 91/2022 | पुलिस | 01/2022 | होण्डा मोटर साईकिल | BR32AH8919 | 2582 | 29.08.2022 | रैयाम |
| 20 | 123/2022 | पुलिस | 315/2021 | मोटर साईकिल | MH19CH1003 | 2583 | 29.08.2022 | सिमरी |
| 21 | 104/2022 | उत्पाद | 22/2022 | टाटा मैजिक | BR07P6236 | 2584 | 29.08.2022 | उत्पाद थाना |
| 22 | 125/2022 | पुलिस | 295/2021 | ट्रक | UP20AT4932 | 2585 | 29.08.2022 | सिमरी |
| 23 | 125/2022 | पुलिस | 295/2021 | टी0 यू0 वी0 300 | BR07PB8445 | 2585 | 29.08.2022 | सिमरी |
| 24 | 97/2022 | पुलिस | 67/2022 | बोलेरो | BR09H9238 | 2586 | 29.08.2022 | अशोक पेपर मील |
| 25 | 117/2022 | पुलिस | 126/2018 | फ्लेट कार | DL4CAD0163 | 2587 | 29.08.2022 | सिमरी |
| 26 | 131/2022 | पुलिस | 55/2022 | मारुती कार | WB02Z4109 | 2588 | 29.08.2022 | सिमरी |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 8954 ( EXCISE ) 2022-23
नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।
समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा।